नैक द्वारा 'बी' ग्रेड प्रत्यायित

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

**जंगल धूसड़- गोरखपुर**

मो. : 7897475917, 9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ..................

दिनांक : 01.12.2018

## प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर **राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली एवं विचार गोष्ठी** का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली आदर्श ग्राम मझरिया जंगल धूसड़ होते हुए छोटी रेतवहिया तथा भट्ठा चौरहा होते हुए पुनः महाविद्यालय पहुँची । इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए वाणिज्य संकाय प्रभारी डॉ0 राजेश शुक्ल ने कहा कि एड्स दिवस का मकसद लोगो को इस घातक बीमारी से जुड़े लक्षणों तथा हानियों के प्रति जागरूक करना है। हर वर्ष इस दिन को एक थीम दी जाती है इस वर्ष की थीम "**नो योर स्टेट्स**" है। इस वर्ष का लक्ष्य दुनिया भर के लोगों को एच.आई. वी. टेस्ट कराने के लिए प्रोत्साहित करना है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च का कहना है कि इस दिशा में भारत ने काफी प्रगति की है। परन्तु अभी भी इस पर रोक लगा पाना मुश्किल हो रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ0 यशवन्त कुमार राव ने एच.आई.वी. पाज़िटिव के विभिन्न लक्षणों को बताते हुए स्वयं सेवकों का आह्वान किया कि प्रत्येक स्वयं सेवक अपने गाँवों में इससे बचाव के उपायों तथा जानकारियों को बताएं तभी मनुष्य को इस बीमारी से सुरक्षा की जा सकती है। आज एक अन्य कार्यक्रम में आयोजित साप्ताहिक योगाभ्यास में वाणिज्य विभाग के प्रभारी डॉ0 राजेश शुक्ल ने योग का अभ्यास कराया। उन्होंने सूक्ष्म व्यायाम, मण्डूकासन, अर्धचन्द्रासन, अर्धतड़ासन, शशांकासन, भुजंगासन, योगमुद्रासन बज्रासन, पद्मासन आदि का अभ्यास कराया।

इस अवसर पर गुरूश्री गोरक्षनाथ एवं हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप इकाई के सभी स्वयं सेवक/सेविकाएं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में डॉ0 महेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ0 कृष्ण कुमार, डॉ0 प्रवीन्द्र कुमार शाही, श्रीमती कविता मान्ध्यान, श्रीमती आरती सिंह आदि महाविद्यालय के शिक्षक भी उपस्थित रहे।

(डॉ. राजेश शुक्ला)

सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी